प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 325 | मंगलवार 18 नवम्बर, 2025 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 | मूल्य 1.00 रुपया

## शोधार्थियों और विश्वविद्यालयों का समाज से सीधा संवाद होना चाहिए: डा. मोहन भागवत

***डा. मोहन भागवत ने कहा कि आज संघ के बारे में चर्चा बहुत होती है, इसमें संघ के हितैषी भी हैं और बहुत से संघ के विरोधी भी हैं। हितैषी प्रचार- प्रसार में बहुत पीछे हैं, जबकि विरोधी इस काम में बहुत आगे हैं। उन्होंने एक झूठ का जाल बुन दिया है, इसलिए संघ के बारे में जानना है तो इसके मूल स्रोतों पर जाइये।***




जयपुर ।17नवम्बर (एजेंसी) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने कहा कि समाज किन बातों से लाभान्वित होता है, यह समझने के लिए शोधार्थियों और विश्वविद्यालयों को समाज से सीधा संवाद बढ़ाना होगा। कुछ विषय केवल ज्ञान के होते हैं, जबकि कई विषय समाज के उपयोग और उत्थान से जुड़े होते हैं। इसलिए विश्वविद्यालयों का समाज से जुड़ाव मजबूत और निरंतर होना चाहिए ।सरसंघचालक जी रविवार को मालवीय नगर स्थित पाथेय कण संस्थान के सभागर में आयोजित श्युवा शोधार्थी संवाद – शाश्वत मूल्य, नए आयामश कार्यक्रम में युवा शोधार्थियों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शोधार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

उन्होंने कहा कि आज संघ के बारे में चर्चा बहुत होती है, इसमें संघ के हितैषी भी हैं और बहुत से संघ के विरोधी भी हैं। हितैषी प्रचार–प्रसार में बहुत पीछे हैं, जबकि विरोधी इस काम में बहुत आगे हैं। उन्होंने एक झूठ का जाल बुन दिया है, इसलिए संघ के बारे में जानना है तो इसके मूल स्रोतों पर जाइये। संघ साहित्य में क्या है, इसे जमीन पर जाकर देखिए। इसी के आधार पर अपनी धारणा बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संघ को प्रत्यक्ष देखना है तो संघ की शाखा में जाइये। दायित्ववान स्वयंसेवकों का जीवन देखेंगे तो संघ समझ में आएगा।

उन्होंने जीवन और कार्य–दोनों को साधने के लिए शाखा को आवश्यक बताते हुए कहा कि शाखा से अनुशासन, सामूहिकता, स्वभाव सुधार और अहंकार नियंत्रण का संस्कार प्राप्त होता है। संघ का काम केवल व्यक्ति निर्माण का है और इसकी पद्धति शाखा है। संघ केवल शाखा चलाता है, जबकि स्वयंसेवक सब कुछ करते हैं। समाज परिवर्तन का काम स्वयंसेवक करते हैं। यही कारण है कि स्वयंसेवकों ने समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य खड़े किए हैं। स्वयंसेवकों के समर्पण से ही संघ कार्य चलता है। हमारें यहां किसी चीज का अभाव भी नहीं और प्रभाव भी नहीं, इसलिए सब कुछ ठीक चलता है ।उन्होंने कहा कि यदि किसी कारण शाखा से जुड़ना संभव न हो तो भी व्यक्ति अपने कार्य को उत्कृष्टता, निस्वार्थता और प्रामाणिकता से करे, यही राष्ट्र सेवा है। संघ के प्रति बाहरी छवि के आधार पर निर्णय न लेने की अपील की। संघ का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण के माध्यम से समाज परिवर्तन और समाज परिवर्तन के आधार पर व्यवस्था परिवर्तन कर देश को श्रेष्ठता की दिशा में ले जाना है।न्होंने कहा कि संघ आज बड़े स्वरूप में है और उसकी कीर्ति स्थापित है। फिर भी संघ का लक्ष्य कीर्ति अर्जन नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण है। यह काम अकेले संघ या किसी एक संगठन के प्रयास से नहीं हो सकता, इस काम के लिए पूरे समाज को साथ आना होगा। यदि संगठन संतुष्ट होकर ठहर जाए तो उसकी उपयोगिता धीरे–धीरे समाप्त हो सकती है, इसलिए निरंतर सक्रियता आवश्यक है ।उन्होंने कहा कि संगठन का मूल लक्ष्य देश का उत्थान है। यह केवल संघ का काम नहीं, हम सबका काम है। डॉक्टर, इंजीनियर, कलाकार हर किसी की तरह नियमित अभ्यास आवश्यक है ।संवाद कार्यक्रम में राजस्थान के 34 विश्वविद्यालयों से 260 शोधार्थी एवं अध्येता शामिल हुए। कार्यक्रम में राजस्थान क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश चन्द्र अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कर्नाटक कैबिनेट फेरबदल पर प्रियांक खड़गे बोले

### फैसला हाईकमान, CM-PCC अध्यक्ष लेंगे

**कांग्रेस नेता डीके सुरेश ने भी इसी तरह का जवाब देते हुए कहा था कि कर्नाटक में मंत्रिमंडल में फेरबदल और सत्ता के बंटवारे का फैसला पूरी तरह से पार्टी आलाकमान पर निर्भर है, और उन्होंने कहा कि वह इंतजार करेंगे और देखेंगे।**




नई दिल्ली 17नवम्बर (एजेंसी)कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि इस तरह के फैसले कांग्रेस आलाकमान, मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) प्रमुख लेंगे। प्रियांक खड़गे ने एएनआई से कहा कि जो भी फैसला लेना है, वह आलाकमान, खुद (मुख्यमंत्री) और पीसीसी अध्यक्ष द्वारा लिया जाएगा। ये अटकलें केवल मीडिया में हैं।इससे पहले, कांग्रेस नेता डीके सुरेश ने भी इसी तरह का जवाब देते हुए कहा था कि कर्नाटक में मंत्रिमंडल में फेरबदल और सत्ता के बंटवारे का फैसला पूरी तरह से पार्टी आलाकमान पर निर्भर है, और उन्होंने कहा कि वह इंतजार करेंगे और देखेंगे। इसके अलावा, खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा, उनके हालिया मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस (एमएमसी) वाले बयान पर निशाना साधा और कांग्रेस के भीतर फूट डालने की कोशिशों का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर देश पर शासन करने से ज़्यादा विपक्षी दलों को कमजोर करने पर ध्यान केंद्रित करने का आरोप लगाया ।खड़गे ने कहा कि दुर्भाग्य से प्रधानमंत्री वास्तव में शासन और प्रशासन चलाने से ज़्यादा कांग्रेस में क्या हो रहा है, इसमें रुचि रखते हैं। अर्थव्यवस्था की हालत क्या है? रोजगार छिनने की स्थिति क्या है? उनके दोस्त डोनाल्ड ट्रंप भारत के लिए क्या कर रहे हैं? इन चीजों को ठीक करने और दिल्ली विस्फोट के दोषियों को पकड़ने के बजाय, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री राज्य सरकारों को गिराने और पार्टियों को तोड़ने में व्यस्त हैं। मुझे लगता है कि यही उनका एकमात्र काम है। उन्हें शासन चलाने में कोई दिलचस्पी नहीं है ।यह टिप्पणी बिहार विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद प्रधानमंत्री मोदी के विजय भाषण की पृष्ठभूमि में आई है, जहाँ उन्होंने कांग्रेस को ष्मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस (एमएमसी) कहा था और पार्टी के भीतर एक गुट को उजागर किया था जो कथित तौर पर इसके नकारात्मक एजेंडे से असहज है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके मुस्लिम लीग–माओवादी एजेंडे के कारण कांग्रेस में ष्बड़ा विभाजनष हो सकता है। बिहार में भारी जीत के बाद नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज कांग्रेस एमएमसी– मुस्लिम लीग माओवादी कांग्रेस बन गई है और कांग्रेस का पूरा एजेंडा अब इसी के इर्द–गिर्द घूमता है, और इसलिए कांग्रेस के भीतर भी एक अलग गुट उभर रहा है जो इस नकारात्मक राजनीति से असहज है...मुझे डर है कि कांग्रेस में एक और बड़ा विभाजन हो सकता है।

## मेकेदातु बांध पर कर्नाटक को बड़ी राहत, सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की याचिका ठुकराई

***शिवकुमार ने कहा कि प्रस्तावित मेकेदातु संतुलन जलाशय परियोजना से संबंधित फैसले ने राज्य की स्थिति को मजबूत किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मेकेदातु का फैसला हमारे पक्ष में आया है। हमें वकीलों का आभार व्यक्त करना चाहिए।***




नई दिल्ली 17नवम्बर (एजेंसी)कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को मेकेदातु परियोजना पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया और संबंधित कानूनी टीम का आभार व्यक्त किया और इसे राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम बताया।उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से अपनी मुलाकात को लेकर चल रही राजनीतिक अटकलों को भी कमतर आंक दिया। एएनआई से बात करते हुए, शिवकुमार ने कहा कि प्रस्तावित मेकेदातु संतुलन जलाशय परियोजना से संबंधित फैसले ने राज्य की स्थिति को मजबूत किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मेकेदातु का फैसला हमारे पक्ष में आया है। हमें वकीलों का आभार व्यक्त करना चाहिए। इसी मामले को लेकर कल भी एक बैठक हैय हमें इस पर चर्चा करनी होगी कि आगे क्या करना है ।सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर को कावेरी नदी पर मेकेदातु बांध के निर्माण की कर्नाटक की योजना के खिलाफ तमिलनाडु की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था, जो लंबे समय से चले आ रहे अंतर–राज्यीय विवाद में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। दिन में पहले मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ अपनी बैठक के दौरान, शिवकुमार ने असाधारण राजनीतिक घटनाक्रम की किसी भी अटकल को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष का मिलना स्वाभाविक है। इसमें कुछ खास नहीं है। कार्यालय उद्घाटन के साथ–साथ पार्टी से जुड़े कुछ मामले भी थे। राज्य में राजनीतिक गतिविधियाँ जारी हैं। इस बीच, पमुख्यमंत्री ने कांग्रेस के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) के अध्यक्ष पद से अपने इस्तीफे की अटकलों को खारिज कर दिया ।डीके शिवकुमार ने कहा कि मैंने दिन–रात पार्टी को खड़ा करने के लिए काम किया है और आगे भी करता रहूँगा। मेरा मानसिक, शारीरिक और राजनीतिक स्वास्थ्य अच्छा है। मुझे यह सुनिश्चित करना है कि कर्नाटक में 100 कांग्रेस पार्टी कार्यालयों की आधारशिला रखी जाए। मैं ।प्ब्ब् अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलने जा रहा हूँ। मैंने गांधी भारत पर किताब लिखी है और मुझे उसके विमोचन की तारीख तय करनी है। हमें कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाना है। डीके शिवकुमार ने केपीसीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफे की अफवाहों के बारे में पूछे जाने पर जवाब दिया यह सब कौन करेगा? मुझे करना ही होगा। मुझे केपीसीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा क्यों देना चाहिए? इसकी कोई जरूरत नहीं है।

## दिल्ली में जुबिन गर्ग को भावुक श्रद्धांजलि:असम की सांस्कृतिक विरासत को मिला राष्ट्रीय सम्मान

नई दिल्ली 17नवम्बर (एजेंसी)मशहूर गायक, संगीतकार और असम की सांस्कृतिक पहचान जुबिन गर्ग को समर्पित एक भव्य समारोह 16 नवंबर 2025 को दिल्ली स्थित श्रीमन्त शंकरदेवा भवन में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम छत्व ग्रुप और असम लाइव 24 की ओर से आयोजित था, जिसमें स्पेशल कमिश्नर रॉबिन हिबू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।छत्व ग्रुप के सीएमडी नृपेन दास ने भी जुबिन दा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जन्मदिन, 18 नवंबर, असम ही नहीं बल्कि दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए एक खास तारीख है। कार्यक्रम के दौरान जुबिन गर्ग के जीवन और योगदान पर आधारित एक विशेष त्रिभाषीय पुस्तक का औपचारिक विमोचन भी किया गया। नृपेन दास ने कहा कि भले ही जुबिन गर्ग असम के थे, लेकिन उन्हें दुनिया भर में प्यार मिला। इसी वजह से राजधानी दिल्ली में उनका जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि इसी अवसर पर गुवाहाटी में भी एक कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि जुबिन दा भले ही अब हमारे बीच न हों, पर उनकी उपस्थिति हमेशा महसूस होती है ।मुख्य अतिथि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी रॉबिन हिबू ने जुबिन को सिर्फ एक कलाकार नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि जुबिन के नाम पर स्कॉलरशिप जैसी पहलें शुरू की जानी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी उनके योगदान को याद रख सकें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अरुणाचल प्रदेश में जुबिन गर्ग की एक प्रतिमा स्थापित की जाएगी, ताकि लोगों को पता चले कि एक ऐसा कलाकार भी था जिसे पहाड़ों और उत्तर–पूर्व से अपार प्रेम था। उन्होंने इस आयोजन को सराहनीय प्रयास बताया ।जुबिन दा के साथ 4000 से अधिक गाने गा चुकी असम की बोर्नाली कलिता ने बताया कि उनका जितना बड़ा नाम था, उनकी लाइफ उतनी ही सिंपल थी. वे सिर्फ गायक नहीं बल्कि एक सच्चे इंसान थे. उनकी सबके साथ घुलने मिलने की कला लाजवाब थी. अपनी टीम के साथ उनका लगाव एक दम घर जैसा था. आज ऐसा लग रहा है कि वो हम लोगों के साथ अभी भी है. वही दिगंत भारती, जिन्होंने जुबिन गर्ग के कई गाने लिखे, ने जुबिन को याद कर कहा कि हमारे कंधे में अब एक बड़ी जिम्मेदारी आ गई है. जुबिन दा की लेगेसी को हमें आगे बढ़ाना है. जुबिन का नाम इतिहास में अमर हो गया है. जुबिन गर्ग ने उत्तर–पूर्व के लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी। वे सिर्फ गायक या संगीतकार नहीं, बल्कि हर घर के अपने सदस्य जैसे थे। एक वक्ता ने कहा– "जब कोई दिल जीत लेता है, तो शब्दों की जरूरत नहीं रह जाती।" दिल्ली का यह सामूहिक जुटान केवल एक जन्मदिन समारोह नहीं था, बल्कि जुबिन गर्ग की स्मृतियों को साझा करने का एक भावनात्मक मंच भी था। असम की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम का लक्ष्य था जुबिन की कलात्मक यात्रा के दूरगामी प्रभाव को सामने लाना ।कार्यक्रम की विशेषता थी जुबिन गर्ग के जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों और रचनात्मक यात्रा पर आधारित विस्तृत त्रिभाषीय वॉल्यूम का विमोचन। इसे तीन भाषाओं में इसलिए तैयार किया गया है ताकि देशभर के लोग उनकी कला और व्यक्तित्व से जुड़ सकें।




## दिल्ली ब्लास्ट में नया खुलासा, आतंकियों ने इस तरीके से की थी गुप्त बातचीत,जानकर रह जाएंगे हैरान

***आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, उमर ने लगभग तीन महीने पहले विशेष अक्षरों वाले नाम का उपयोग करके एक सिग्नल समूह बनाया था। उसने इस एन्क्रिप्टेड संचार मंच में मुजम्मिल, अदील, मुजफ्फर और इरफान को जोड़ा था। जांचकर्ताओं का मानना घ्है कि इसका इस्तेमाल आंतरिक समन्वय के लिए किया गया था।***




नई दिल्ली 17नवम्बर (एजेंसी)डॉ. उमर से कथित रूप से जुड़े आतंकी मॉड्यूल की जांच कर रहे जांचकर्ताओं को एक संगठित आंतरिक ढांचे, एन्क्रिप्टेड संचार चौनलों और हथियारों की समन्वित आवाजाही के सबूत मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने डॉ. उमर की पहचान विस्फोटकों से लदी कार चलाने वाले के रूप में की है, जो 10 नवंबर को लाल किले पर हुए विस्फोट में आग की लपटों में घिर गई थी। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी ।सूत्रों के अनुसार, उमर ने लगभग तीन महीने पहले विशेष अक्षरों वाले नाम का उपयोग करके एक सिग्नल समूह बनाया था। उसने इस एन्क्रिप्टेड संचार मंच में मुजम्मिल, अदील, मुजफ्फर और इरफान को जोड़ा था। जांचकर्ताओं का मानना घ्है कि इसका इस्तेमाल आंतरिक समन्वय के लिए किया गया था ।मामले के एक प्रमुख संदिग्ध डॉ. शाहीन की कार से एक क्रिंकोव राइफल और एक पिस्तौल सहित हथियारों की एक खेप बरामद होने के बाद एक बड़ा सुराग सामने आया। जांच से पता चला है कि उमर ने हथियार खरीदे और 2024 में उन्हें इरफान को सौंप दिया। सूत्रों ने कहा कि डॉ. शाहीन ने पहले भी डॉ. मुजम्मिल के साथ मुफ्ती इरफान के कमरे में जाने के दौरान यही हथियार देखे थे। यह भी संदेह है कि उसने समूह की गतिविधियों में सबसे अधिक वित्तीय योगदान दिया है। जाँच से भूमिकाओं का स्पष्ट विभाजन स्पष्ट हुआ है। इस मॉड्यूल के लिए वित्तीय सहायता मुख्य रूप से तीन डॉक्टरों, खासकर मुजम्मिल द्वारा संभाली जानी थी। कश्मीरी युवकों की भर्ती का काम इरफान उर्फ मुफ्ती को सौंपा गया था, जिसने कथित तौर पर आरिफ निसार डार उर्फ साहिल और यासिर उल अशरफ को लाया था, दोनों अब गिरफ्तार हो चुके हैं ।सूत्रों ने बताया कि जाँच में हथियार संबंधी गतिविधियों के कई मामले दर्ज किए गए हैं। अक्टूबर 2023 में, डॉ. अदील और डॉ. उमर एक बैग में राइफल लेकर मस्जिद अली में इरफान से मिलने गए और बैरल साफ करने के बाद चले गए ।नवंबर 2023 में, अदील फिर से राइफल लेकर इरफान के घर पहुँचा। बाद में डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन शाहिद भी शामिल हो गए। समूह ने हथियार इरफान के पास छोड़ दिया ।अधिकारियों ने कहा कि निष्कर्ष एक समन्वित नेटवर्क की ओर इशारा करते हैं जिसमें वित्तपोषण, भर्ती और व्यवस्थित हथियार आवाजाही शामिल है, जो एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म और विश्वसनीय व्यक्तिगत लिंक के माध्यम से संचालित होता है।

## बिहार परिणाम के बाद भी मोदी लहर कायम: फडणवीस ने विपक्ष की हर बात को नकारा

नई दिल्ली 17नवम्बर (एजेंसी)महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को विपक्ष की आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजबूती से समर्थन किया है, चाहे प्रतिद्वंद्वी दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा हो या अलग–अलग। एएनआई से बात करते हुए, फडणवीस ने कहा कि विपक्ष ने मिलकर और अलग–अलग, दोनों तरह से चुनाव लड़ा, लेकिन जनता प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करती है। जनता के मन में मोदी जी ही हैं.. मैं किसी के परिवार या पार्टी में क्या हो रहा है, इस पर टिप्पणी नहीं करूँगा। हमारा ध्यान जनता की सेवा पर है ।बिहार चुनाव परिणामों पर व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री ने उनकी राजनीतिक टिप्पणियों की प्रासंगिकता पर सवाल उठाया। फडणवीस ने कहा कि क्या वह कोई विशेषज्ञ हैं जिन्हें चुनावों की जानकारी है? क्या वह कोई राजनेता हैं? क्या उन्होंने कोई शोध किया है...आप उनके जैसे लोगों के बारे में पूछकर हमारा समय क्यों बर्बाद कर रहे हैं? इससे पहले, भारतीय उद्यमी रॉबर्ट वाड्रा ने विजयी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार से बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान किए गए वादों को पूरा करने का आग्रह किया ।उन्होंने कहा कि जो सरकार अभी बनी है, उसे अपने किए गए वादों को पूरा करना होगा। राहुल कल वहाँ लोगों के बीच होंगे। कई युवा उनके साथ जुड़ रहे हैं और यह अपने आप में एक आंदोलन होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग भाजपा की मदद कर रहा है। इसके अलावा, उन्होंने देश में लोकतंत्र को बचाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, ष्लोग नतीजों से खुश नहीं हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका कड़ी मेहनत करते रहेंगे, और हमें देश भर में लोकतंत्र को बचाना हैय यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। यह लड़ाई जारी रहेगी, और सभी को लगता है कि यह देश के लिए हानिकारक है। निष्पक्ष चुनाव के बिना कोई प्रगति नहीं होगी। यही सबकी सोच है ।शुक्रवार को, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव ष्शुरू से ही अनुचितष रहा, क्योंकि पार्टी 61 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद दोहरे अंक तक पहुँचने में विफल रही।



## दिल्ली-एनसीआर और जयपुर में ED का ऐक्शन, ड्रग तस्करी से जुड़े मनी लान्ड्रिंग केस में 110 म्यूल बैंक खाते किए फ्रीज

नई दिल्ली 17नवम्बर (एजेंसी)ईडी ने ग्लोबल ड्रग सिंडिकेट और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में दिल्ली–एनसीआर और जयपुर में 5 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया। ईडी ने बताया कि इस कार्रवाई में ऑनलाइन बेटिंग और गैंबलिंग नेटवर्क चलाए जाने का संकेत भी मिला, जिसकी गहराई से जांच हो रही है। इसमें दुबई के क्रिप्टोकरंसी वॉलेट्स के इस्तेमाल का भी पता चला है। यह मामला दिल्ली में करीब 900 करोड़ रुपये की कोकीन जब्त किए जाने से जुड़ा है ।ईडी ने बताया कि दिल्ली जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के प्रावधानों के तहत यह ऑपरेशन चलाया, जिस दौरान कैश के अलावा कथित अपराध से जुड़े दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और फाइनैंशल रेकॉर्ड्स मिले। उसने बताया कि सर्च ऑपरेशन में 110 म्यूल बैंक अकाउंट फ्रीज किए गए और 70 लाख रुपये का बेनामी कैश जब्त किया गया। जिन 100 म्यूल अकाउंट्स को फ्रीज किया गया, उनमें से 73 अकाउंट ऐसे न्च्प् आईडी और डिजिटल वॉलेट्स से जुड़े थे, जिनका सट्टेबाजी से जुड़ी हरकतों में इस्तेमाल किया जा रहा था। जब्त सबूतों से पता चला कि फंड ट्रांसफर करने के लिए दुबई के क्रिप्टोकरंसी वॉलेट्स का इस्तेमाल हो रहा था।

# छात्र-छात्राओं को दी सीपीआर की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने सीपीआर जागरूकता अभियान एएस इंटर कॉलेज व निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज में चलाकर छात्र–छात्राओं को जागरूक किया। डॉ अनुराग ने बताया कि सीपीआर को कार्डियक पल्मोनरी रिससिटेशन कहा जाता है। जब किसी व्यक्ति की अचानक से हृदय गति रुक जाती है तो उसे सीपीआर देकर बचा सकते हैं। एक वर्ष से ऊपर के व्यक्तियों को 30 बार दबाव व दो बार मुंह से सांस देते रहना है। अनवरत जब तक हृदय धड़कना शुरू न कर दे। साथ ही डॉ अनुराग ने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को सीपीआर देने में 15 बार दबाना व 2 बार मुंह से सांस देना है। इस प्रक्रिया से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रियंका जायसवाल, अध्यापक धीरज राठौर, जितेंद्र सिंह, अख्तर रज़ा, निधान सिंह, रीता सिंह, शालिनी सिंह, ऊषा मौर्य व प्रमुख सहयोगी सुरेश श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## एमआईसी में छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। यातायात माह के तहत जनपद में यातायात जागरूकता अभियान जोरों पर है। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस ने सोमवार को मुस्लिम इंटर कॉलेज बिंदकी बस स्टॉप रोड पर छात्र–छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रचार–प्रसार सामग्री भी वितरित की गई।अभियान के दौरान प्रभारी यातायात उपनिरीक्षक लालजी सविता के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम ने सख्ती भी दिखाई। दोपहिया वाहनों की जांच में बिना फिटनेस, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों व नाबालिगों के संचालित ई–रिक्शा के खिलाफ कार्रवाई की गई। साथ ही हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाते हुए चालान काटे गए। एसपी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जागरूकता के साथ–साथ नियमों के उल्लंघन पर सख्ती जरूरी है। नवम्बर माह भर यह अभियान पूरे जनपद में विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों व सार्वजनिक स्थानों पर जारी रहेगा।

## राम विवाह व श्री बालाजी सरकार भंडारे की तैयारियां जारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के प्रसिद्ध अकोढ़िया धाम में आयोजित दो दिवसीय रामविवाह एवं श्री बालाजी सरकार के विशाल भंडारे को लेकर तैयारियां पूरे उत्साह के साथ जारी हैं। आयोजन समिति के सदस्यों और स्थानीय भक्तों द्वारा जगह–जगह आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पावन कार्यक्रम में शामिल हो सकें। धाम परिसर में सजावट, प्रकाश व्यवस्था, मंच निर्माण और भक्तों के बैठने की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भंडारे में दूर–दराज़ के श्रद्धालुओं की आवभगत के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।धार्मिक आयोजन में डॉ. सुनील गुप्त, रोहित, महेंद्र, पप्पू द्विवेदी, पप्पू गिरिया, आनंद, सुशील गुप्त, रामचंद्र सिंह सहित हजारों भक्तों ने पहुंचकर तैयारियों में सहयोग किया। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि रामविवाह की दिव्य झांकी और भंडारे का आयोजन भव्यता तथा श्रद्धा के साथ संपन्न हो। भक्तों का कहना है कि अकोढ़िया धाम में हर वर्ष होने वाला यह आयोजन सामाजिक सद्भाव और धार्मिक आस्था का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। आयोजकों ने सभी क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर प्रभु राम और बालाजी सरकार का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## किसान दिवस 19 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि चालू माह का किसान दिवस 19 नवंबर को 12 बजे से दो बजे अपरान्ह तक विकास भवन सभागार में आयोजित कराया जायेगा। किसान दिवस में किसानों की समस्याओं के निदान हेतु बैठक में उपस्थित अधिकारियों व विषेशज्ञों द्वारा अपने विभाग से संबंधित योजनाओं, कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। .षकों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक समाधान किया जायेगा।

## गोआश्रय स्थलों के मानिटरिंग कक्ष का सीडीओ ने किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना निराश्रित गोवंशों के संरक्षण हेतु जनपद में संचालित गो आश्रय स्थलों के प्रभावी अनुश्रवण एवं गो आश्रय स्थलों को प्रभावी बनाये जाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में विकास भवन में स्थापित किये गये मॉनिटरिंग कक्ष का मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया तथा मॉनिटरिंग कक्ष का निरीक्षण करते हुए विभिन्न गौशालाओं में संचालित गतिविधियों का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि जनपद के सभी गो आश्रय स्थलों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे विकास भवन में स्थापित मॉनिटरिंग कक्ष से कनेक्ट रहेंगे यहां पर तैनात नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारी द्वारा गो आश्रय स्थलों की गतिविधियों का अनुश्रवण करते रहेंगे। मॉनिटरिंग कक्ष के निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने निर्देश दिया कि गो आश्रय स्थलों के महत्वपूर्ण स्थानों यथा गेट, चरही तथा भण्डारण कक्ष को अनिवार्य रूप से कवर किया जाय। इस अवसर पर सीडीओ श्री चन्द्र ने कहा कि मॉनिटरिंग व्यवस्था से गो आश्रय स्थलों की एक स्थान से कार्मिकों की क्रियाशीलता, चारे पानी इत्यादि की उपलब्धता की बेहतर निगरानी हो सकेगी।

# किसानों के साथ हुए अन्याय को लेकर भाकिसं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन




न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। भारतीय किसान संगठन ने किसानों के साथ हुए अन्याय और उत्पीड़न को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज ने कहा कि अयान सीड कंपनी का सोनल धान जो की डुप्लीकेट था उसे ब्रांडेड पैकिंग में भरकर किसानों के साथ धोखाधड़ी कर बेचा गया जिसका जिम्मेदार का एजेंसी मालिक दीपक माथुर है अयान सीड़ कंपनी का सोनल धान मां एजेंसी महेवागंज में स्थित है जो पूरे जिले में बीज सप्लाई करते हैं। एजेंसी मालिक ने छोटे दुकानदारों और किसानों को ठगा है। किसानों की उपज कम हुई है हजारों किसान प्रभावित हुये है। लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। किसानों का उनका मुआवजा मिलना चाहिए और एजेंसी मालिक के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदेश सचिव कामिल उस्मानी ने कहा कि भारतीय किसान संगठन किसानों को हर हाल में न्याय दिला कर रहेगा। लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा कि जांच के दौरान उसका लाइसेंस .षि अधिकारी द्वारा निलंबित किया गया इसके बावजूद उसके वहा खुलेआम नकली बीज बेचकर किसानों के साथ धोखा धड़ी कर रहा है। प्रदेश सचिव .ष्ण कुमार दीक्षित और प्रवक्ता मोहम्मद इरफान गाजी ने कहा कि बीज विक्रेता एजेंसी मालिक किसानों को लगातार धमका रहा है जिससे किसान और छोटे दुकानदार मानसिक तनाव में है। बीज विक्रेता लगातार किसानों का उत्पीड़न कर रहा है। जिलाध्यक्ष घनश्याम यादव ने कहा कि किसानों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा .षि अधिकारी की जांच में वह एजेंसी मालिक बीज विक्रेता दोषी पाया गया और उसका लाइसेंस निलंबित किया गया इसके बावजूद उसके वहां खुलेआम नकली बीज बेचा जा रहा है। भारतीय किसान संगठन जिलाधिकारी से मांग करता है कि दोषी बीज विक्रेता एजेंसी मालिक दीपक माथुर के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें और किसानों को फसल का मुआवजा दिलाया जाए जरूरत पड़ी तो किसानों के हित के लिए भारतीय किसान संगठन बीज एजेंसी की मुख्य शाखा हैदराबाद तक आंदोलन करने में पीछे नहीं हटेगा किसानों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान मनजीत मौर्य विनीत राज राकेश यादव अंबिका वर्मा टीटू वर्मा अभिषेक पांडे इकबाल अहमद शिवम सैनी सलमान सर्वेश वर्मा महेंद्र कुमार संतोष वर्मा खूबचंद रिंकू उत्तम विकास उमेश कुमार वर्मा अरविंद कुमार वर्मा शिवपूजन वर्मा कुलदीप सिंह सुफियान सोनू वर्मा सरिता देवी मोहित ललित वर्मा कमलेश वर्मा आसिफ शाहिद सफीक आदिल वीरेंद्र कुमार राम सुमेर वर्मा संजय वर्मा हरिनाम वर्मा महिपाल यादव गंगा सिंह इंद्रेश वर्मा धीरेंद्र कुमार निलेश कुमार वर्मा हासिम मोहम्मद असद मनोज कुमार वर्मा देशराज वर्मा सलमान आदि भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय बाल विज्ञान माडल प्रदर्शनी 18 को




न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक डायट ब्रजेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय के निर्देशन एवं सानिध्य में 53 वीं बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में कल (आज) प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार ने जनपद के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि वे सभी अपने विद्यालय में अपने संवर्ग एवं उपविषय पर चयनित विद्यार्थियों को ससमय प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बीएसए आशीष कुमार पाण्डेय ने जूनियर वर्ग के विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया है कि वे जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों को ससमय प्रतियोगिता में प्रतिभाग अवश्य कराए। नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के ज्म्ड है। जिसके अंतर्गत सात उपविषय क्रमशः चिर स्थायी .षि, कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प, हरित ऊर्जा, उभरती हुई प्रौद्योगिकी, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, जल संरक्षण एवं प्रबंधन है। इस प्रतियोगिता में जनपद स्तर पर तीन संवर्गों में जूनियर संवर्ग, सीनियर संवर्ग एवं अध्यापक संवर्ग में आयोजित की जाएगी। जूनियर एवं सीनियर संवर्ग में विद्यार्थियों द्वारा सभी उपविषयों पर स्थिर एवं क्रियाकारी मॉडलों का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। श्री एमडी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन ने बताया कि प्रदर्शनी 18 नवंबर को प्रातः 10 बजे उदघाटन के उपरांत मॉडलों का अवलोकन, प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतिकरण किया जाएगा तदुपरांत सम्मान समारोह एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। जिसमें प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मण्डल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र के साथ पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

# वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों एवं जिला न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. बब्बू सारंग के कुशल एवं मार्गदर्शक नेतृत्व में सोमवार को वृद्धाश्रम, बन्ना रोड में एक महत्त्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, विधिक संरक्षण तथा उपलब्ध वैधानिक उपायों से जन–सामान्य को अवगत कराना था। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित सतत जन–जागरूकता अभियानों की श्रृंखला में आयोजित किया गया। प्राधिकरण के सचिव अतुल चौधरी के मार्गदर्शन एवं प्राधिकरण की समन्वित कार्यप्रणाली के अंतर्गत ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहे हैं, जिनका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों तक विधिक सहायता एवं न्याय की पहुँच सुनिश्चित करना है। शिविर में वरिष्ठ नागरिकों एवं स्थानीय समुदाय के सदस्यों को अधिनियम की प्रमुख धाराओं, भरण–पोषण के अधिकारों, न्यायाधिकरण की प्रक्रिया तथा निःशुल्क विधिक सहायता की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मनोरमा मसीह, आदित्य प्रताप सिंह, भावना यादव की उपस्थिति रही। जिन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को अधिनियम की उपयोगिता, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा उपलब्ध सभी विधिक विकल्पों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों द्वारा उठाए गए विभिन्न प्रश्नों और समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका समाधान प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्हें अपने अधिकारों और विधिक संरक्षण के बारे में अधिक जागरूक बनाते हैं तथा आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। यह विधिक जागरूकता शिविर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, संरक्षण और अधिकारों की रक्षा की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की एक अत्यंत सफल एवं प्रभावी पहल सिद्ध हुआ।

# बालिका खो-खो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

### - रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल लगातार दूसरी बार बना चैंपियन




न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। सैक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय फादर जेराई पैराजिनी की स्मृति में आयोजित हृदयोत्सव कार्यक्रम में बालिका खो–खो प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न स्कूलों की 15 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल और ओएनजीसी स्कूल लहरपुर के बीच खेला गया। जिसमें रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल ने ओएनजीसी स्कूल को 01–05 से कड़ी शिकस्त दी। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच आरएमपी इंटर कॉलेज और सैक्रेड हार्ट स्कूल सिधौली के बीच खेला गया। जिसमें आरएमपी इंटर कॉलेज ने 04–03 से विजय प्राप्त की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल और आरएमपी इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल ने एक तरफ मुकाबले में आरएमपी इंटर कॉलेज को 01–02 से पराजित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में अजय रावत, धीरेन्द्र कुमार वर्मा और संतोष कन्नौजिया आदि लोगों ने अपना योगदान दिया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित और डॉ. मनीष गुप्ता ने किया। पुरस्कार वितरण फादर प्रशांत, फादर जॉर्ज और फादर सजीमन ने किया। विजेता टीम को नकद पुरस्कार स्वरूप 5,000.00 रुपए, ट्रॉफी, मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र और उपविजेता टीम को 2,500.00 रुपए ट्रॉफी, मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विजेता टीम रघुराज सिंह हॉयर सेकेंडरी स्कूल के शारीरिक शिक्षक व क्रीड़ा प्रभारी और प्रधानाचार्य ऋषि कुमार मिश्र द्वारा अपनी टीम के प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए आगे और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया।

# ट्राला ने बुजुर्ग को कुचला, एक घंटे बाद पहुंची पुलिस



न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के अटरिया नेशनल हाईवे पर (सोमवार) एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ। सब्जी बाजार के निकट नेशनल हाईवे कट पर लखनऊ की ओर से आ रहे एक तेज रतार ट्राला (ट्रक) ने मोटरसाइकिल सवार लगभग 50 वर्षीय एक बुजुर्ग को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनका बायाँ पैर बुरी तरह से क्षत–विक्षत हो गया। जानकारी के अनुसार अटरिया थाना क्षेत्र के गनेरा पुरवा निवासी रामप्रताप यादव अपने पुत्र रमेश और एक बच्चे के साथ लखनऊ के मड़ियांव से मोटरसाइकिल द्वारा अपने घर जा रहे थे। अटरिया बाजार के पास नेशनल हाईवे कट के नजदीक अचानक एक ट्राला ने उन्हें टक्कर मार दी। बुजुर्ग का बायाँ पैर ट्राला के बाएँ पहिए की चपेट में आ गया और बुरी तरह कुचल गया। गनीमत रही कि उनके पुत्र रमेश और बच्चे को कोई गंभीर चोट नहीं आई। स्थानीय लोगों ने की मदद, पुलिस रही नदारद हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और घायल बुजुर्ग रामप्रताप यादव को रोड डिवाइडर पर बैठाया। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को फोन किया और उन्हें प्राथमिक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की कोशिश की। अटरिया थाने से महज 500 मीटर की दूरी पर इतना बड़ा हादसा होने के बावजूद लगभग 1 घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई और उन्हें मेडिकल सेवा के लिए अस्पताल भेजा। बुजुर्ग के एंबुलेंस से जाने के बाद ही अटरिया थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। इस पूरे घटनाक्रम ने हाईवे पर पुलिस की तत्परता और समय पर प्रतिक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

# 16 बीघा जमीन के लालच में खूनी संघर्ष, जेठ ने की विधवा बहू की निर्मम हत्या

### - चारा काटने को लेकर हुई मामूली कहासुनी, पांच मिनट में इकलौती बेटी हुई अनाथ



न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जिले के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के तुतहीपुर गाँव में सोमवार सुबह जमीन और घरेलू विवाद ने एक खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। चारा काटने की मशीन चलाने को लेकर हुए एक मामूली विवाद में, एक विधवा महिला अंजलि (35) की उसके ही जेठ ने बांके से गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी जेठ मौके से फरार हो गया, जबकि खून से लथपथ अंजलि ने 5 मिनट के भीतर दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार मृतका अंजलि के पति पलटूराम की दो साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद अंजलि अपनी 6 साल की इकलौती बेटी रोशनी के साथ ससुराल में अलग रहती थी। अंजलि के नाम पर 16 बीघा जमीन थी, जिसे लेकर जेठ जगतराम और अंजलि के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार सुबह अंजलि घर पर मशीन से चारा काट रही थी। इसी बात को लेकर जेठ जगतराम से उसकी कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर जगतराम ने पास रखा बांका उठाया और अंजलि का गला रेत दिया। जगतराम जमीन हड़पने के लिए बहू से मारपीट करता था। उसने जमीन के लालच में ही हत्या की है। चीख पुकार सुनकर हम लोग पहुंचे, लेकिन तब तक वह भाग चुका था। पुलिस ने शुरू की आरोपी की तलाश ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह ने पुष्टि की कि चारा मशीन पर चारा काटने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद जगतराम ने अंजलि पर हमला कर दिया। थानाध्यक्ष के अनुसार, तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी जेठ की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। प्राथमिक जांच में यह मामला घरेलू और जमीन विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

## नशा नाश का कारण, नशे से बचना होगा : एसपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, बाबागंज। मां राजेश्वरी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय बाबागंज पर एक नशा उन्मूलन गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के बुद्धिजीवी एवं ट्रस्ट पदाधिकारी शामिल हुए गोष्ठी को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष एसपी सिंह ने कहा कि जो लोग अपने बच्चों के सामने बैठकर बीड़ी, सिगरेट, शराब पीते हैं इसमें सुधार करना होगा। यह बात याद रखना होगा कि बच्चे बड़ों से ही सीख कर बड़े होते हैं हम सबको मिलकर सभ्य समाज का निर्माण करना होगा। मां बच्चे का सबसे बड़ी गुरु होती है। मोबाइल के बढ़ते प्रयोग पर भी चिंता जताते हुए यह भी चेताया कि मां इंस्टाग्राम पर रील बनाती है। आने वाले समय में बच्चे आपकी रील देखेंगे और आपकी रेल बना देंगे। वह आभासी दुनिया में रहेंगे और समाज का ज्ञान कम होगा। अपने बच्चों को भूख से एक रोटी कम देना लेकिन शिक्षा और संस्कार अवश्य देना। साथ यह भी ज्ञात रहे कि बच्चे किसी प्रकार का नशा न करें। नशा नाश का द्वार खोलता है अगर नशा ही करना है तो देश भक्ति शिक्षा इंकलाब और भगत सिंह जैसा होने का नशा करें।

## चोरी का खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। खीरी थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया। थानाध्यक्ष निराला तिवारी की टीम ने आरोपी को गिरतार कर लिया। ई–लोडर रिक्शा, गैस सिलेंडर और बड़ा कांटा बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी से 5860 रुपये नकद भी बरामद किए। आरोपी बेटा सिंह पुत्र विश्वेश्वर सिंह के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

## 19 से 28 तक मनाया जाएगा बाबा नीब करोरी जी महाराज का प्रकट्योत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। बाबा नीब करोरी जी महाराज का 125 वां प्रकट्योत्सव 19 से 28 नवंबर तक प्रत्येक वर्ष की भांति उनकी जन्मस्थली ग्राम अकबरपुर तहसील टूडला मे मनाया जाएगा। प्रतिदिन बारह बजे से चार बजे तक भागवत कथा होगी। संध्या में पांच बजे से आठ बजे भजन एवं संगीत के कार्यक्रम होंगे। 26 नवंबर को भजन संध्या में सुधीर व्यास द्वारा भजन कीर्तन होगा। 27 नवंबर को लखवीर सिंह लख्खा द्वारा श्री हनुमान जी की स्तुति में भजन गायन होगा। 28 नवंबर को जिस दिन महाराज जी का प्रकट्य दिवस होगा। उसी दिन प्रतिवर्ष की भांति भंडारा होगा और श्रृद्धालुगण दिन में 11 बजे से 03 बजे तक प्रसाद प्राप्त करेंगे एवं पूजन करेंगे। भंडारे के दिन देश के प्रत्येक कोने से लगभग 50,000 श्रृद्धालुओं के भाग लेंगे। जिसके प्रबन्धन के लिये प्रशासन की तरफ से समुचित व्यवस्था की जा रही है।

## धान क्रय केंद्रों पर नहीं हो रही तौल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। विगत दिनों दिशा बैठक में सांसद राकेश राठौर द्वारा धान क्रय केंद्रों पर किसानों की धान खरीद में क्रय केन्द्रों पर बोरी की कमी या धान में कोई न कोई कमी निकाल कर किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। किसान मंच के राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह गल्ला मंडी पहुंचे। क्रय केंद्रों पर वहां हतों से लाइन में लगे किसानों से बात की और उनकी समस्याएं सुनी। तत्पश्चात जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र संगठन की तरफ से व साथ ही सांसद राकेश राठौर द्वारा उपरोक्त समस्या पर शिकायत पत्र भेजा गया। शिकायत पत्र में जिलाधिकारी से किसानों की इस ज्वलंत समस्या पर ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई की मांग की और कहा किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अविलंब कार्रवाई न होने के स्थिति में किसान मंच धान क्रय केन्द्रों पर बैठकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा और जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

## आदमखोर बाघ की हरगांव वन रेंज में दहशत, पिंजरे में नहीं फंसा शिकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। हरगांव वन रेंज के मुमताजपुर और अंदौली गांवों के आसपास पिछले 15 दिनों से बाघ की सक्रियता ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। नदी किनारे और गन्ना के खेतों के पास लगातार बाघ को देखे जाने के बाद भी वन विभाग उसे पकड़ने में नाकाम रहा है। वन विभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए अंदौली गांव के पास सरायन नदी के किनारे एक पिंजरा लगाया है, लेकिन चालाक शिकारी अभी तक उसमें फंसा नहीं है। बुधवार को अंदौली गांव के पास ग्रामीणों ने बाघ को देखने का दावा किया था। शुक्रवार शाम को मुमताजपुर गांव में नदी किनारे तराई क्षेत्र में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब गन्ना छील रहे प्यारे, संतोष, संदीप और अर्पित ने चक मार्ग पर बाघ को घूमते देखा। बाघ को देखते ही सभी डर गए और अपना काम छोड़कर घर लौट आए। ग्रामीण संतोष ने बताया कि खेतों की ओर अकेले जाने में डर लगता है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जब तक बाघ पकड़ा नहीं जाता, क्षेत्र में किसी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। वन दरोगा विवेक कुमार दीक्षित ने बताया कि उनकी टीम लगातार क्षेत्र में कॉम्बिंग (तलाशी) कर रही है। हालांकि, खेतों में गन्ने की फसल होने के कारण बाघ के पदचिह्न (पग–चिह्न) नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे उसे ट्रैक करने और पकड़ने में भारी परेशानी आ रही है। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए विभाग लगातार प्रयास कर रहा है।

# पच्चीस हजार का इनामिया गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जहानाबाद थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट से संबंधित पच्चीस हजार रूपए के पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त को गिरतार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। सोमवार को जहानाबाद थाना पुलिस ने बिंदकी कोतवाली पर पंजी.त मुअसं 167/25 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना बिंदकी से संबंधित वांछित 25000 रुपये का इनामिया अर्न्तजनपदीय अभियुक्त चाँद अली पुत्र स्व0 अकबर अली वर्तमान पता राजा सिंह का गड्ढा गढ़ी मछलिया थाना नौबस्ता कानपुर नगर स्थायी पता पमौऊ बाबा मन्दिर के पास गढ़ी मछरिया, 328 मछरिया रोड़ थाना नौबस्ता कानपुर नगर को गिरतार कर न्यायालय भेजा गया। गिरतारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष धीरेन्द्र ठाकुर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार यादव, कांस्टेबल प्रबल यादव, अश्वनी कुमार, दीपक कुमार, अजय कुमार, बीरू सिंह, आशीष तोमर भी शामिल रहे।

# फांसी लगा महिला ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादीपुर में किराए के मकान में रह रही तीस वर्षीय महिला ने रविवार की देर शाम फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के पचभिटहा निवासी पंकज सिंह अपने पिता के साथ अलग–अलग प्रान्त में कमाने के लिए चले गये। घर पर सास पत्नी निशा सिंह अपनी सात वर्षीय पुत्री के साथ रहती थी। कुछ दिन पूर्व वह सास व पुत्री के साथ कल्यानपुर थाने के मुरादीपुर में किराये का मकान लेकर रहती थी। बीती शाम उसने घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। यह देख सास व पुत्री के रो–रोकर बुरे हाल थे। आस पास के लोगो ने तत्काल इसकी जानकारी क्षेत्रीय पुलिस को दे दी। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

# संदिग्ध अवस्था में युवती ने फांसी लगा की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतका के परिजनों ने उसके प्रेमी पत्नी व साले पर हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के रतनतारा गांव निवासी गया पाल की पुत्री श्वेता देवी डेढ माह से मलवां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोढइया गांव के पास कॉस्मेस्टिक की दुकान खोली थी। एक सप्ताह पूर्व वह शहर के पक्का तालाब आकर रहने लगी थी और बीती शाम उसने संदिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में आये मृतका के परिजन व अन्य रिश्तेदारों ने बताया कि तुराबअली पुरवा मोहल्ला निवासी वरुन उर्फ मोनू उसे पांच दिन पूर्व बहला फुसलाकर अपने साथ ले आया था जबकि वह शादीशुदा है और उसकी पत्नी संगीता देवी है। उन्होंने बताया कि मोनू उसकी पत्नी संगीता व साला सर्वेश ने मिलकर उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिर्पोट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा। हालाकि सूत्रों द्वारा यह भी ज्ञात हो रहा है कि मृतका का वरुन के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और उन्होंने छुपछुपाकर कोर्ट मैरिज कर लिया था। जबकि परिजनों ने इस बात से इंकार करते हुए बताया कि ऐसा कुछ भी नहीं है।

# मृतक अज्ञात चालक की हुई शिनाख्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम देवुली मोड़ के समीप एनएच 2 में तीन दिन पूर्व रोड किनारे खड़े डीसीएम में पीछे से आ रहा पिकअप जा घुसा जिसमें 43 वर्षीय अज्ञात युवक की मौके पर ही मौत हो गयी थी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका इलाज कानपुर में चल रहा है। वहीं पुलिस द्वारा सूचना पर रविवार को आये परिजनों ने मृतक की पहचान की है।बताते चले कि तीन दिन पूर्व देवुली मोड़ के पास पिकअप जा टकराया था। जिसमें पिकअप पर सवार सुनील उर्फ सुली यादव पुत्र जोखन यादव निवासी कोरकाही थाना बिधान जिला समस्तीपुर बिहार के रूप में मृतक के परिजनों ने रविवार को आकर की है। उन्होने बताया कि पुलिस द्वारा उनके पास फोन गया था जिस पर उन्होंने आकर शव की शिनाख्त की है।

# छत से गिरकर वृद्ध महिला घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम छविनाथपुर में सोमवार की सुबह छत से गिरकर 60 वर्षीय नेत्रहीन वृद्ध महिला घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार छविनाथपुर गांव निवासी श्यामसुन्दर की नेत्रहीन पत्नी ननकी देवी सोमवार की सुबह छत पर धूम ले रही थी। तभी अचानक छत से नीचे गिर गयी। जिससे वह घायल हो गयी। परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना कल्याणपुर क्षेत्र में सोमवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। खजुहा से घर लौट रहे बाइक सवार को बच्चूपुर मोड़ के पास पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह काफी दूर तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार पहुर गांव निवासी रंजीत (23) पुत्र भिखारी लाल सोमवार को दोपहर लगभग 2 बजे अपनी बाइक से खजुहा से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह बच्चूपुर मोड़ के नजदीक पहुंचे, तभी सामने से आ रही तेज रतार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि रंजीत सड़क पर लगभग 50 मीटर तक फिसलते चले गए और गंभीर चोटें आईं। हादसा देखकर राहगीरों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल रंजीत को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें भर्ती कर लिया। अस्पताल पहुंचे रंजीत के भाई शिवम ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# सत्ता को आईना दिखाना पत्रकारिता का उद्देश्य : डा. संतोष

## - दिवंगत पत्रकार दिलीप सैनी व पूर्व मंत्री स्व. मुन्नालाल को मरणोपरांत जनपद रत्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय प्रेस दिवस के अवसर पर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) ने कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें देश और प्रदेश के कई वरिष्ठ पत्रकारों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में आधुनिक भारत में मीडिया की भूमिका, उसकी साख, जिम्मेदारी और चुनौतियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली से चलकर आए वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और पूर्व सांसद डॉ. संतोष भारतीय शामिल हुए। उन्होंने 1990 के दौर से लेकर आज तक की पत्रकारिता और अपने पत्रकारिता से लेकर सांसद बनने तक के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल खबर लिखने का काम नहीं है, यह जनता की आवाज़ बनकर सत्ता को आईना दिखाने की जवाबदेही भी है। लखनऊ से आए उत्तर प्रदेश राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के कोषाध्यक्ष एवं लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारिता के गुर और अपने अनुभवों को साझा किया। वरिष्ठ पत्रकार राजीव तिवारी (बाबा) ने लोगों को नवयोग कराते हुए मानसिक शांति और आत्मबल को पत्रकारिता के लिए जरूरी बताया। राष्ट्रीय सलाहकार समिति के सदस्य आशीष तिवारी ने संगठन की एकता और मजबूती पर जोर दिया। फतेहपुर के वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर, शिवशरण बंधु, रमेश चंद्र गुप्ता, विवेक मिश्रा, सरोज पाण्डेय, संदीप केशरवानी, मो0 शमशाद और प्रभाकर पाण्डेय समेत अन्य पत्रकारों एवं समाजसेवी अजय त्रिपाठी ने भी मीडिया से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाष्वत तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संगठन के उद्देश्यों को बताया। संचालन राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान ने किया। मंच से दिवंगत पत्रकार दिलीप सैनी और पूर्व मंत्री स्व. मुन्ना लाल मौर्य को जनपद रत्न सम्मान (मरणोपरांत) दिया गया। जिसके लिए पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल ने सामूहिक रूप से दिवंगत पत्रकार के सम्मान का प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया। वहीं पूर्व मंत्री स्वर्गीय मुन्ना लाल मौर्य का सम्मान प्रतीक चिन्ह उनकी धर्मपत्नी एवं हुसैनगंज विधायक ऊषा मौर्य ने प्राप्त किया और संगठन का आभार प्रकट किया। शहर के अखबार वितरकों को 'लोक संदेश वाहक प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज मेंचिकित्सा जगत में अच्छा काम करने वाले डॉ डीएस यादव व समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शहंशाह आब्दी, जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह, सैय्यद शारिब क़मर अज़मी, धीर सिंह यादव, अनिल विष्वकर्मा, डॉ जेपी चौहान, प्रदीप कुमार, मेराज अहमद, मोहम्मद अब्बास, महेश चौधरी, संदीप निर्मल, अजय कुमार, अभिमन्यु मौर्या, . ष्ण गोपाल साहू, शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इसरार अहमद, पारुल सिंह, गुलाब सिंह यादव, नाजिया परवीन, राकेश साहू मौजूद रहे।

# व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले सिपाहियों को किया जाए बर्खास्त

## - व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जन उद्योग व्यापार चौहान के साथ वरिष्ठ पदाधिकारियों का अधीक्षक कार्यालय पहुंचा। जहां एसपी के साथ मारपीट करने वाले राधानगर जाने की मांग की। शिकायती पत्र में को उद्योग व्यापार मंडल (मेहरोत्रा गुट) राधानगर थाने के दो सिपाहियों ने थाने गाली देते हुए जमकर मारपीट की। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष चंदन मांगा। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष चंदन वाले दोनों सिपाहियों को बर्खास्त करने मंडल के प्रदेश अध्यक्ष चंदन सिंह प्रतिनिधि मंडल सोमवार को पुलिस को एक शिकायती पत्र सौंपकर व्यापारी थाने के दो सिपाहियों को बर्खास्त किए प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि बीते शुक्रवार के जिला महासचिव विनोद साहू को ले जाकर अपना पद बताने के बाद भी जिस पर किशन मेहरोत्रा ने जन उद्योग सिंह चौहान से संगठन का सहयोग सिंह चौहान ने एसपी से मारपीट करने की मांग किया। जिससे आगे कभी भी अकारण किसी पदाधिकारी एवं व्यापारियों से ऐसी अभद्रता न हो सके। श्री चौहान ने कहा कि जन उद्योग व्यापार मंडल जनपद ही नहीं उत्तर प्रदेश के किसी भी जिले में अगर किसी भी व्यापारी नेताओं के साथ पुलिस प्रशासन ने अभद्रता व मारपीट की तो जिलों से लेकर राजधानी लखनऊ तक जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रकरण को लखनऊ प्रदेश कार्यालय में जन उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी संतोष दुबे को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही डीजीपी मुख्यालय एवं शासन तक इस प्रकरण को ले जाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री अजय मौर्य, उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, अधिवक्ता मंडल प्रदेश अध्यक्ष रामराज गांधी, जिला उपाध्यक्ष देवनाथ धाकड़े, बुद्धराज धाकड़ी, नईम अहमद, राकेश मौर्य, महेंद्र सिंह सेंगर, नगर उपाध्यक्ष अनिल अग्निहोत्री, बृजेष सोनी, विनोद साहू राजेश यादव शामिल रहे।

# कम्पोजिट विद्यालय लोहारी में बैग पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शिक्षा को लेकर समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में युवा विकास समिति का अनोखा प्रयास मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय लोहारी में देखने को मिला, जब बच्चों को स्कूली बैग और शिक्षण सामग्री मिलते ही उनके चेहरे खिल उठे। पूरे कार्यक्रम में उत्साह ऐसा था मानो स्कूल में कोई त्योहार मनाया जा रहा हो। कार्यक्रम की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख अमित तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इसी लक्ष्य को लेकर समिति का अभियान प्रेरणादायक है। उनके शब्दों पर तालियों की गूंज ने माहौल को और जीवंत कर दिया। युवा विकास समिति के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि संगठन गांव–गांव जाकर न सिर्फ शिक्षण सामग्री वितरित कर रहा है बल्कि बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि भी जगा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि हर हाथ में किताब हो और हर बच्चे की आंखों में सपने चमकें। जब बच्चों को बैग और कापियाँ दी गईं तो उनकी खुशी देखते ही बनती थी। कई बच्चे बैग कंधे पर डालकर इधर–उधर उछलते दिखाई दिए, मानो उन्हें कोई अनमोल उपहार मिल गया हो। शिक्षक भी बच्चों के उत्साह को देखकर मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कंचन मिश्रा, नगर अध्यक्ष आफताब अहमद, सुशील अग्निहोत्री, उपम सरस्वती महाराज, अयोध्या प्रसाद सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया। समिति का यह अभियान न केवल सामग्री बाँटने तक सीमित है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की नई उम्मीद जगाने का प्रयास बन चुका है।

# एंबुलेंस कर्मी ने कराए दो सुरक्षित प्रसव, गूंजी किलकारी



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार की सुबह छह बजे ब्लॉक हथगाम के त्योंजा गांव निवासी अनिशा देवी 24 वर्ष को प्रसव पीड़ा हुई। जिसकी जानकारी उनके पति राम सिंह ने 102 एंबुलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस गर्भवती महिला को अस्तपाल ले जाते समय रास्ते में तेज प्रसव पीड़ा बढ़ जाने पर ईएमटी प्रदीप कुमार ने सड़क किनारे एंबुलेंस खड़ी करके अपनी सूझबूझ के साथ व परिजनो के माध्यम से सुरक्षित प्रसव कराया। जच्चा बच्चा को सुरक्षित जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं दूसरी ओर हसवा ब्लॉक की सलेमपुर गांव निवासी रीना देवी ने 102 एंबुलेंस पर प्रसव की सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस प्रसूता को लेकर अस्पताल आ रही थी। छिवलहा गांव समीप प्रसव पीड़ा अधिक होने कारण एंबुलेंस कर्मचारी प्रदीप कुमार ने ऑनलाइन चिकित्सा और परिजनों के सहयोग से सुरक्षित प्रसव एंबुलेंस में कराया। एंबुलेंस कर्मचारी ने जच्चा बच्चा को नजदीकी समुदाय स्वाथ्य केंद हथगाम में सुरक्षित भर्ती कराया। स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर जच्चा के पति पवन कुमार एवं अस्पताल स्टाफ ने ई.एम.टी व पायलट की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया। एम्बुलेंस संचालक संस्था ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर आशीष कुमार ने बताया कि 102 सेवा पूरी तरह से निःशुल्क है। 102 एम्बुलेंस गर्भवती महिलाओं व दो साल तक के बच्चों को घर से सरकारी अस्पताल ले जाती है और वापस घर भी छोड़ती है। आकस्मिक स्थिति के लिए एम्बुलेंस में डिलीवरी किट उपलब्ध रहती है। एम्बुलेंस स्टाफ इसके लिए प्रशिक्षित हैं इसलिए डिलीवरी के मामले में सभी 102 एम्बुलेंस का प्रयोग करना चाहिए। वहीं, 108 एम्बुलेंस सेवा से किसी भी प्रकार की इमरजेंसी में सरकारी अस्पताल जाने के लिए एम्बुलेंस की मदद ली जा सकती है। यह सेवा भी पूरी तरह से निःशुल्क है।

# शुक्ला सेल्स कारपोरेशन का हुआ शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के तांबेश्वर रोड पर सोमवार को शुक्ला सेल्स कॉरपोरेशन का शुभारंभ किया गया। व्यावसायिक प्रतिष्ठान का उद्घाटन मुख्य अतिथि सरला शुक्ला पत्नी जयकरण शुक्ला ने फीता काटकर किया। शुभारंभ से पूर्व, दुकान में पूर्ण विधि–विधान के साथ हवन–पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें परिवार के सदस्यों और शुभचिंतकों ने भाग लिया। पूजन के पश्चात प्रतिष्ठान को आम ग्राहकों के लिए खोल दिया गया।प्रतिष्ठान के संचालक राजीव कुमार तिवारी (अंशु) ने बताया कि प्रतिष्ठान को वन–स्टॉप सॉल्यूशन के तौर पर शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नागरिकों को सेनेटरी, पेंट और हार्डवेयर से संबंधित सभी जरूरतों के लिए कहीं और न जाना पड़े। उन्होंने बताया कि यहां सभी प्रतिष्ठित कंपनियों के उत्पाद उचित मूल्य पर एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। श्री तिवारी ने उत्पादों की विस्तृत रेंज के बारे में बताते हुए कहा कि दुकान में सभी ब्रांड के पेंट एक लीटर से लेकर 20 लीटर तक की पैकिंग में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, प्लंबिंग के काम आने वाले सभी साइज के पाइप, आधुनिक डिज़ाइन के वॉश बेसिन, टॉयलेट सीट, किचन सिंक और प्लंबिंग से जुड़ा सारा छोटा–बड़ा सामान ग्राहकों के लिए उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन समारोह के दौरान राजेश शुक्ला, श्रीचंद शुक्ला, शिवकरण शुक्ला, अनूप तिवारी, उमेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी समेत बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे और संचालक को शुभकामनाएं दीं।

# कोचिंग से लौट रहे छात्र को वाहन ने मारी टक्कर, घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थाना ललौली क्षेत्र में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जैसे ही वह अपने गांव के पास पहुंचा, अचानक सामने से आ रहे तेज रतार चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाने में मदद की।जानकारी के अनुसार शंकरपुर मजरे जमेनी निवासी अशोक (18) पुत्र मुन्ना लाल शहर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है। वह मंगलवार को अपनी कोचिंग से बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह जमेनी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रतार चार पहिया वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अशोक सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और तत्काल परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल अशोक को जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे भर्ती कर लिया। घायल युवक के पिता मुन्ना लाल ने जिला अस्पताल में पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ओ लेवल प्रशिक्षण के लिए आवेदन करें शिक्षित बेरोजगार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शिवेन्द्र कुमार ने बताया कि द्वितीय चरण हेतु निर्गत समय सारणी के आधार पर इंटरमीडिएट या उनके समकक्ष तथा अभिभावकों की वार्षिक आय सीमा एक लाख रूपए, उम्र 18 से 35 वर्ष के मध्य वाले बेरोजगार अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा निर्देश व नियमों के आधार पर 20 नवंबर से 01 दिसंबर तक प्रषिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि एक वर्ष होगी। सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण की अवधि तीन माह होगी। संबंधित आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात प्रिन्ट आउट प्राप्त करके उस पर पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा कर हस्ताक्षर युक्त जाति, आय प्रमाण पत्र बोर्ड ऑफ रेवेन्यू/ई–डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर होना अनिवार्य हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित हार्डकॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय विकास भवन कमरा नं0–114 में निर्धारित तिथि एवं समयान्तर्गत उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्तिम तिथि एक दिसंबर के पश्चात किसी भी प्रकार के आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण से सम्बन्धित विस्तृत दिशा–निर्देश व समय सारिणी बेवसाइट पर प्रदर्शित हो रही है।

# बीईओ ने रामरूप सिंह पब्लिक स्कूल को भेजा नोटिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। क्षेत्र के दरियामऊ गांव में संचालित रामरूप सिंह पब्लिक स्कूल को खंड शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। विजयीपुर ब्लाक के दरियामऊ गांव में पिछले कई वर्षों से यह विद्यालय संचालित है। जहां कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों को इंग्लिश मीडियम में शिक्षा दी जा रही थी। विद्यालय प्रबंधन के मुताबिक स्कूल में विभिन्न कक्षाएं नियमित रूप से चलाई जा रही थीं और अभिभावकों को यह जानकारी दी जाती रही कि बच्चों की पढ़ाई निर्धारित मानकों के अनुरूप कराई जा रही है लेकिन विभागीय जांच के दौरान यह सामने आया कि स्कूल का पंजीकरण केवल कक्षा एक से पांच तक ही मान्यता प्राप्त है। इसके बावजूद विद्यालय द्वारा कक्षा छह से आठ तक की कक्षाएँ संचालित की जा रही थीं। इस अनियमितता के आधार पर खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश श्रीवास्तव ने विद्यालय प्रबंधन को स्पष्टीकरण हेतु नोटिस जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से कक्षा छह से आठ तक की कक्षाएँ बंद करने के निर्देश दिए हैं। बीईओ ने स्पष्ट किया कि यदि विद्यालय द्वारा निर्देशों का अनुपालन नहीं किया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में यदि कोई अन्य विद्यालय बिना मानक और निर्धारित मान्यता के संचालित पाया गया तो उसके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को ऐसे विद्यालयों में प्रवेश न दिलाएं, जिनके पास निर्धारित कक्षाओं का पंजीकरण न हो। विभागीय टीम ने विद्यालय का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# पैतृक जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पैतृक जमीन से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग को लेकर एक पीड़ित ने जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को शिकायती पत्र सौंपा। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित कालीचरन पुत्र पथवारी निवासी सुल्तानपुर मजरे अयाह थाना गाजीपुर ने बताया कि चाचा रामपाल की कोई संतान नहीं थी। उन्होने जीवित रहते हुए ग्राम कुन्डवारी की संपूर्ण चल व अचल सम्पत्ति उसके हक में वसीयत कर दी थी। वसीयत व योजित वाद में उसे जमीन पर कब्जा दिलाया गया था। तब से वह काबिज व दाखिल है। ग्राम कुन्डवारी के रहने वाले विषाली यादव पुत्र राजाराम ने निजी जमीन पर अवैध रूप से कब्जे का प्रयास किया। कई बार समझौता भी हुआ। जिस पर विषाली द्वारा कहा गया कि वह अब कब्जा नहीं करेगा। इसके बावजूद पांच अक्टूबर को उसने जमीन पर निर्माण शुरू करा दिया। जब उसे जानकारी हुई तो वह मौके पर पहुंचा जहां विषाली ने उसके साथ गाली–गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इसकी षिकायत डायल–112 के साथ गाजीपुर थाने में की। थाने में समझौता हुआ कि पंद्रह दिनों के भीतर अवै ा कब्जा हटा लेगा। इसके बावजूद उसने अवैध कब्जा नहीं हटाया। पीड़ित ने डीएम से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है। इस मौके पर जनसेवा दल महासचिव राजोल सेन, जिलाध्यक्ष अशोक फौजी, जिला पंचायत सदस्य बुधराज धाकड़ी, सविता महासभा के जिलाध्यक्ष राम शंकर, पत्रकार छोटकू ठाकुर भी मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी के इलाहाबाद–झांसी शिक्षक खण्ड वि ाायक डा0 बाबूलाल तिवारी ने सीएम को भेजे गए पत्र में बताया कि राजेश कुमार व अवधेश कुमार निवासी ग्राम पंचायत देवरी बुजुर्ग विकास खण्ड अमौली के संलग्न पत्र का अवलोकन किया जाए। जिसमें ग्राम पंचायत में पंद्रह केन्दीय वित्त एवं राज्य वित्त द्वारा कराए गए विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं व भ्रष्टाचार की शिकायत पर वर्तमान समय तक कोई कार्रवाई न किए जाने व लगातार फर्जी भुगतान किए जाने व अविलम्ब वित्तीय रोक लगाकर जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है। उन्होने सीएम से अनुरोध किया कि संबंधित प्रकरण की गहन जांच हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया जाए और भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# चोरी का खुलासा, सामान के साथ चोर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना पुलिस ने चोरी की घटना का अनावरण कर घटना में संलिप्त अभियुक्त को चोरी के सामान के साथ गिरतार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया। मलवां थाना पुलिस ने थाना स्थानीय पर चोरी के पंजी.त अभियोग का सफल अनावरण करते हुए सोमवार को घटना में संलिप्त अभियुक्त श्रीकेशन पुत्र पाराग निवासी ग्राम मदारीपुर मजरे सराय खरगू को चोरी के समान के साथ गिरतार कर लिया। गिरतारी व बरमादगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुए गिरतार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। बताते चलें कि 23 सितंबर को प्राथमिक विद्यालय हसनापुर सानी मलवां के प्र ाानाध्यापक सुरेश कुमार वर्मा की तहरीरी सूचना बाबत अज्ञात चोर ने 22 सितंबर को प्राथमिक विद्यालय हसनापुर सानी तेलियानी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरो द्वारा स्कूल से सामान चोरी कर लिये जाने के सम्बन्ध पंजी.त मु0अ0सं0 252/2025 धारा 305()/331(4) बीएनएस बाबत अज्ञात पंजीकृत किया गया था। गिरतारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरिश्चन्द्र शुक्ल, दिवाकर बिन्द, हेड कांस्टेबल मनोज त्रिपाठी, कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

# सीएमएस ने सर्व फार ह्यूमैनिटी संस्था को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सर्व फॉर ह्यूमैनिटी संस्था द्वारा लगातार की जा रही जरूरतमंद मरीजों की मदद व जिला चिकित्सालय में संस्था द्वारा कराए जा रहे रक्तदान शिविरो में छह माह के अंतर्गत में 383 यूनिट जिला चिकित्सालय रक्तकेन्द्र में एकत्रित करने हेतु संस्था को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने सम्मानित किया। इसलिए समय–समय पर रक्तान करते रहना चाहिए। इस मौके पर रक्तकेन्द्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर वरदवर्धन बिसेन, जेआर डॉक्टर अभिषेक, मेडिकल ऑफिसर अभिषेक सिंह, टेक्निकल सुपरवाइजर अशोक शुक्ला, परामर्शदाता दीपाली वर्मा, टेक्नोलॉजिस्ट दिव्या वर्मा, बृज किशोर, लैब अटेंडेंट अजय यादव उपस्थित रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )